# छात्रावास भवन के खिड़की-दरवाजे ले गए चोर

**गोटेगांव, देशबन्धु।** स्थानीय नगर के सिमरिया रोड बाईपास के पास स्थित छात्रावास भवन वर्षों से बेकार पड़ा हुआ है एवं अधीक्षक भवन की हालत जर्जर हो गई है। छात्रावास भवन मे पहले बकरियां बांधी जाती थी लेकिन उनके जाने को उपरांत यह स्थल शराबियों का अड्डा बन चुका है, लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा इन भवनों की देखरेख करते हुए इन्हें उपयोगी बनाने की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

शासकीय ठाकुर निरंजनसिंह महाविद्यालय भवन का निर्माण करने के लिए गोटेगांव से सिमरिया रोड पर श्मशान घाट से कुछ ही दूरी पर मौजूद तालाब की जमीन दान में मिली थी। यह भूमि महाविद्यालय के नाम से राजस्व रिकार्ड में मौजूद है। इस हिस्से में महाविद्यालय के छात्रों के लिए छात्रावास का निर्माण किया गया था।

वहीं इससे लगी सरकारी भूमि पर आदिवासी बालक छात्रावास भवन एवं अधीक्षक भवन का निर्माण किया गया था। जहां पर कुछ वर्षों तक आदिवासी बालक छात्रावास संचालित होता रहा। वहीं महाविद्यालय के छात्रावास कक्षों में भी आदिवासी बालक छात्रावास के बच्चे निवास करते रहे मगर धीरे-धीरे उक्त दोनों भवन जर्जर हो जाने पर यहां से आदिवासी बालक छात्रावास को गोटेगांवखेड़ा ग्राम पंचायत में विस्थापित कर दिया गया।

तब से उक्त दोनों भवन पूरी तरह से खंडहर हो गए हैं। इन भवनों के अंदर लगा हुआ सामान खिड़की-दरवाजे चोरी हो गए। यह सरकारी भवन खंडहर होने के बाद यहां पर अनैतिक कृत्य, नशा करने वाले करते रहे।

## शराबियों की शरण स्थली बना जर्जर भवन



अब यह स्थल नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। बदहाल कमरों के अंदर पड़ी हुई शराब की बोतलें स्वयं गवाही दे रही हैं। ज्यादातर समय इस भवन का इस्तेमाल बकरियां चराने वाले करते हैं।

स्थानीय प्रशासन कुंभकरण की निद्रा में सोया हुआ है। वहीं इस महत्वपूर्ण महाविद्यालय की जगह पर समुचित उपयोग करने की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है।

इस तालाब की जमीन समतल हो गई थी, मगर इस पर अवैध खुदाई होने से कुछ स्थल पर बारिश का पानी फिर से भरने लगा है। इसी जमीन पर पिछले साल मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर भी उतरा था। इस महाविद्यालय की जमीन के इर्द-गिर्द बायपास सड़क निकलने पर किनारे की जमीन पर कुछ लोगों की वक्र दृष्टि हो रही है।

## भूमि व तालाब को सुरक्षित करे स्थानीय प्रशासन

स्थानीय प्रशासन शासकीय ठाकुर निरंजनसिंह महाविद्यालय की भूमि को सुरक्षित करने की दिशा में कदम उठाए। वहीं स्थल का पानी सूखने के बाद इस पर अवैध खुदाई करने का प्रयास करते हैं उनको रोकने की दिशा में कदम उठाएं , ताकि यह सरकारी जमीन पूरी तरह से सुरक्षित रह सके, क्योंकि इस भूमि की उपयोगिता बायपास सड़क के निकलने पर भारी बढ़ चुकी है।

यहां पर नए सिरे से महाविद्यालय भवन का निर्माण करवाया जाए जिसके लिए दानदाता ने उक्त भूमि को दान किया था। प्रशासन द्वारा भवन की उचित देखरेख कराकर सही उपयोग किया जाए तो सार्थक पहल होगी।

# मुख्यमंत्री का आगमन आज



**सौसर, देशबन्धु ।** पाण्डुरना जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड़ ने सौसर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों से निवेदन है कि रविवार 23 मार्च को सुबह 11:30 बजे प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का ऐतिहासिक जामसावली हनुमान मंदिर में आगमन हो रहा है आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

# महाराष्ट्र से नाबालिग गुमशुदा बालिका को किया दस्तयाब

**पांढुर्ना, देशबन्धु।** थाना सौंसर पुलिस ने तेज़ कार्रवाई करते हुए 48 घंटे के भीतर महाराष्ट्र के पुणे से एक नाबालिग अपहृत बालिका और एक गुमशुदा बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों को सौंप दिया। 17 मार्च 2025 की रात करीब 10-11 बजे घोघरी गांव निवासी नरेंद्र बागड़े (46) ने अपनी 17 वर्षीय बेटी के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई।

## 48 घंटे में पुलिस ने किया कमाल

उसी दिन एक अन्य शिकायतकर्ता ने अपनी 18 वर्षीय बेटी के अचानक लापता होने की रिपोर्ट दी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उइके के नेतृत्व में पुलिस टीम ने साइबर सेल की मदद से लड़कियों के महाराष्ट्र की ओर ट्रेन से जाने की जानकारी जुटाई। रेलवे पुलिस फोर्स के सहयोग से सौंसर पुलिस ने पुणे में ऑपरेशन चलाकर दोनों लड़कियों को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया।

इस सफल अभियान में जुड़े निरीक्षक रूपलाल उइके, उपनिरीक्षक हर्ष नागले, उपनिरीक्षक नीता मोहारे, आरक्षक अखिलेश (544) और महिला आरक्षक गरिमा पटले (475) ने अहम भूमिका निभाई। परिजनों ने पुलिस की इस तत्काल उचित कार्रवाई के लिए आभार जताया और स्थानीय आम नागरिकों ने भी पुलिस टीम के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

## सार-समाचार

### उपाध्यक्ष ने कराया रोजा इफ्तार



**परासिया, देशबन्धु।** जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जमील खान ने जाटाछापर में रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन करवाया, जिसमें सभी धर्म के लोग शामिल हुये। आयोजन में रोजादारों के लिये रोजा खोलने की व्यवस्थाएं की गई, वहीं अन्य सामाजिक बंधुओं ने भी अमन, चैन के लिये दुआएं मांगी। जनपद उपाध्यक्ष जमील खान लंबे अरसे से कौमी एकता की मिशाल पेश करते आये है। इनका हमेशा ही सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रमों में सहयोग रहता है। जिसमें सभी धर्मावलंबियों को शामिल किया जाता है। दीपावली के समय काली पूजा उत्सव, नवरात्र उत्सव, गणेश उत्सव, होली मिलन समारोह के साथ अन्य धार्मिक आयोजन भी कराये जाते है।

### गौरैया दिवस पर बाटे पात्र व हनुमान चालीसा




**सौसर, देशबन्धु।** हर वर्ष के मुताबिक इस वर्ष भी गौरैया दिवस के पुनीत अवसर पर नगर के वृक्ष मित्र अरुण ठाकरे द्वारा प्यासे बेसहारा पक्षियों के लिए ग्रीष्म ऋतु में दाना ,पानी रखने हेतु निशुल्क मिट्टी के पात्रों के साथ श्री हनुमान चालीसा का भी वितरण का शुभारंभ नगर के लगभग सभी मंदिरों में पात्र देकर किया गया । ज्ञात रहे की वृक्ष मित्र हर वर्ष ग्रीष्म ऋतु में 500 मिट्टी के पात्र नि:शुल्क वितरित करते हैं । वृक्ष मित्र द्वारा श्रद्धेय जनता से करबद्ध निवेदन किया गया है कि पक्षियों के लिये वह अपने आंगन व छत पर कम से कम ग्रीष्म ऋतु में दाना-पानी हेतु पात्र अवश्य रखें व मानव धर्म का पालन करें। वृक्ष मित्र के पात्र वितरण के पुनीत कार्य में सुरेश ठाकरे, युवराज हिगवे ,गोपाल कोठे आदि सभी सामाजिक कार्यकर्ता हर वर्ष पात्र वितरण में सहयोग प्रदान करते हैं।

# नवनियुक्त सरपंच का स्वागत

**रामाकोना, देशबन्धु।** आज ग्राम पंचायत रामाकोना के सभाकक्ष मे बैठक का आयोजन किया गया।

नवनियुक्त सरपंच कोकिला देवेंद्र चौधरी की अध्यक्षता मे किया गया था। सके पूर्व नवनियुक्त सरपंच कोकिला देवेंद्र चौधरी का ग्राम पंचायत के उपसरपंच संतोष चौधरी की उपस्थिति मे समस्त पंचगणो एवं कर्मचारियों द्वारा गुलदस्ता एवं पुष्पमाला पहनाकर सत्कार किया गया।

इस अवसर पर सरपंच चौधरी ने सभी वरिष्ठ पंचो का आशीर्वाद लिया एवं सहयोग की अपील की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पंच मुन्ना अब्दुल कलाम अंसारी द्वारा किया गया। सभी पंचो ने मिलकर काम करने का सरपंच को आश्वासन दिया।



## नयी ऊर्जा, उत्साह के साथ हुई ग्राम पंचायत की मासिक बैठक

जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत रामाकोना मे स्थानापन्न सरपंच बनने के उपरांत शनिवार को ग्राम पंचायत रामाकोना के सभाकक्ष मे पंचो की मासिक बैठक का आयोजन नवनियुक्त सरपंच कोकिला देवेंद्र चौधरी की अध्यक्षता मे किया गया । जिसमे सर्वसम्मती से 28 मार्च 2025 को साप्ताहिक जन बाजार एवं पशु मवेशी बाजार की नीलामी करने का प्रस्ताव लिया गया । इसके साथ साथ प्रायः प्रायः सभी वार्डो मे निर्माण कार्य करने के प्रस्ताव लिए गए. जो की कुछ दिनों मे ही फाइल तैयार कर निर्माण कार्य शुरू किये जायेगे।

बैठक में उपसरपंच संतोष चौधरी, वरिष्ठ पंच कैलाश चौरागड़े, मुन्ना अब्दुल कलाम अंसारी, शशिकांत गोले, नीलम खड़से, गणेश खा रकर, आकाश खंडाईत, राजेंद्र भानगे, श्रीमती बुकने, श्रीमती हेमलता बादशाह, वर्षा चौहान, करुणा जैस्वाल, सुरेखा जैवार, अर्चना भोयर, उपस्थित रहे जबकि बैठक का संचालन ग्राम पंचायत के सचिव गजानन ढोके द्वारा किया गया।

# शहीदे आजम सरदार भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण आज

**करेली, देशबन्धु।** स्वतंत्रता संग्राम के महानायक भारत देश की आन वान शान शहीदे आजम सरदार भगत सिंह की 9 फुट की अष्ट धातु की की भव्य प्रतिमा का अनावरण मध्यप्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा 23 मार्च 2025 रविवार को पुरानी गल्ला मंडी करेली में शाम 5.30 बजे किया जावेगा।



**आकर्षक नाटक प्रस्तुति** - आयोजन समिति गुरूद्वारा गुरूसिंघ सभा, दशमेश युवा समिति करेली, पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल व समस्त नगर वासी करेली ने आयोजन में सहभागिता की अपील की है।

**यही आये थे महात्मा गांधी** - गुरूद्वारा गुरूसिंघ सभा ने बताया कि प्रतिमा अनावरण व नाटक प्रस्तुति अंतर्गत सरदार भगत सिंह का जीवन परिचय वक्ता सुच्चा सिंघ अरनो पटियाला वाले, भगत सिंघ के शहादत दिवस पर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर नाट्य प्रस्तुति हरविंदर सिंघ पंजाबी रंगमंच पटियाला पंजाब द्वारा प्रस्तुत की जावेगी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री म. प्र. शासन, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रहलाद पटेल पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री म.प्र. शासन, विशिष्ट अतिथि दर्शन सिंह चौधरी सांसद नर्मदापुरम, कैलाश सोनी पूर्व राज्यसभा सांसद, जालम सिंह (पूर्व राज्यमंत्री म.प्र. शासन) हरेन्द्रजीत सिंह बब्बू पूर्व राज्यमंत्री म.प्र. शासन, ब्रजेश राजपूत प्रधान संपादक विस्तार न्यूज, भारत, श्रीमति सुशीला ममार अध्यक्ष, न.पा.करेली, महेन्द्रर सिंघ वोहरा उपाध्यक्ष, एआईसीसी सिंख अल्पसंख्यक विभाग, रामस्नेही पाठक अध्यक्ष, जिला भा.ज.पा. नरसिंहपुर, नरेन्द्र राजपूत अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी नरसिंहपुर आयरन लैडी गुरमीत कौर धनई (राष्ट्रीय सदस्य ग्रहमंत्रालय भारत सरकार) अजीत सिंघ नैय्यर (सीटू) (संभाग संयोजक पंजाबी साहित्य अकादमी) सहभागिता करेंगे। गुरूसिंघ सभा द्वारा पुरानी मंडी में भव्य फव्वारा बनवाया गया है यह स्थान करेली में विशिष्ट स्थान इसलिए रखता है क्योंकि 1931 में भारत भ्रमण के दौरान राष्टपिता महात्मा गांधी 1 दिसंबर को करेली आये थे जहां उन्होंने आजादी के आंदोलन के समर्थन में आम सभा भी सम्बोधित की थी।

# नैनपुर रेलवे स्टेशन को मिलेगा नया स्वरुप

**नैनपुर, देशबन्धु।** नैनपुर रेल जंक्शन स्टेशन को नया स्वरूप देने निरंतर प्लेटफॉर्म से लेकर बुकिंग विंडो आरक्षण केंद्र प्रतीक्षालय लिफ्ट विस्तार किए जाने का काम किया जा रहा है ।

स्टेशन के सामने सुंदर उद्यान का निर्माण किया जा रहा है। वाहनों की पार्किंग के लिए सुविधाजनक पार्किंग की व्यवस्था बनाई गई है। जर्जर सड़क को नया स्वरूप देकर बनाया गया है। चल रहे निर्माण कार्य को देखने प्रतिदिन लोग जा रहे हैं।

सायरन पूर्व सदस्य नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण खंडेलवाल, स्टेशन कमेटी के सदस्य रामकुमार चौरसिया, कन्हैया चावला, अंकुर खंडेलवाल, अजय नगरिया प्रेम असवानी, नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण पंजवानी, कन्हैया झरिया, अशोक नाहटा, श्याम सुंदर दीक्षित ने स्टेशन प्रबंधक मीणा के साथ चर्चा कर कार्यों की जानकारी ली एवं कार्यों की गुणवत्ता के लिए ध्यान देने की आवश्यकता जताई।

समिति के सदस्यों ने नैनपुर से मंडला रायपुर सहित अन्य स्थानों की ट्रेन चलाई जाने एवं अन्य कार्यों के लिए स्टेशन मास्टर को संबंधित अधिकारियों रेल मंत्रालय को ज्ञापन सोपा निर्माण कार्यों में गति ले जाने की मांग की गई ।

# रजनी मरावी बनी नगर परिषद अध्यक्ष

**भुआबिछिया, देशबन्धु।** नगर परिषद भुआबिछिया के अध्यक्ष पद पर वार्ड नं 5 की पार्षद रजनी मरावी को प्रदेश सरकार के नगरीय विकास मंत्रालय भोपाल द्वारा अध्यक्ष नियुक्त किया है।



तात्कालीन नगर परिषद अध्यक्ष चित्रा धुर्वे के आकस्मिक निधन के बाद नगर परिषद अध्यक्ष भुआबिछिया के रिक्त पद पर नपा. अधिनियम 1961 की धारा 32 (2) में निहित शक्तियों के तहत रजनी मरावी को आगामी आदेश या अध्यक्ष के निर्वाचन होने तक के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

मरावी नगर परिषद के अस्तित्व में आने के पूर्व ग्राम पंचायत बिछिया की सरपंच, सहकारी समिति बिछिया की अध्यक्ष सहित सामाजिक क्षेत्र के संगठनों में विभिन्न दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन कर चुकी हैं।

## दैनिक राशिफल

रविवार 23 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र कृष्ण पक्ष की नवमी, नक्षत्र- पू.षा.।

**मेष** – आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे।

**वृषभ** – परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी।

**मिथुन** – महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। तनाव महसूस कर सकते हैं। `क-

**कर्क** – आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है।

**सिंह** – परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। अपनी प्रभावकारी वाणी से अन्य लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

**कन्या** – अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है।

**तुला** – आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**वृश्चिक** – घर परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे।

**धनु** – काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

**मकर** – आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी।

**कुंभ** – आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दु:ख की भावना हो सकती है।

**मीन** – भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनभव होगा।

म.

# छिंदवाड़ा मेडिकल कालेज के लिए मांगे सौ करोड़

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके ने गुरुवार बजट सत्र पर चर्चा के दौरान क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य से जुड़ी चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की हर घर नल जल योजना पर सरकार का ध्यानाकर्षण कराया।

उन्होंने कहा कि जुन्नारदेव में अधिकतर लोग इलाज कराने अस्पताल में पहुँचते है लेकिन पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में उन्हें निराश होना पड़ता है। जुन्नारदेव के सीएचसी स्तर के हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सको की कमी है। महिलाओं और बच्चों के विशेषज्ञ चिकित्सको की मांग यहाँ बीस पच्चीस वर्षो पुरानी मांग है जो अभी तक पूरी नही हो सकी। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र जुन्नारदेव की स्थिति से आप प्रदेश की स्थिति का अंदाजा लगा सकते है।

विधायक सुनील उइके ने छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज के बढ़ाकर 100 करोड़ करने की मांग कि उन्होने कहा कि छिन्दवाड़ा में मेडिकल कॉलेज खोले जाने के पीछे हमारे आदर्श और वरिष्ठ नेता कमलनाथ का एक विजन था । उन्होंने देखा और समझा था कि गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगो को पड़ौस के महानगर के प्राइवेट अस्पताल कैसे लूटते है ।

उनकी सोच थी कि छिन्दवाड़ा मेडिकल कॉलेज बनने से इस जिले के अलावा सिवनी बालाघाट बैतूल नरसिंहपुर जिले की आम जनता को फायदा बड़ा फायदा मिलेगा लेकिन सरकार ने इसके बजट में ही कमी कर दी।



## प्रदेश सरकार के बजट सत्र के दौरान विधायक सुनील उइके ने उठाया स्वास्थ्य सुविधाओं का मुद्दा

**नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों में हजारों की संख्या में उमड़ पड़ते हैं मरीज** - विधायक सुनील उइके ने सदन की चर्चा में कहा कि क्षेत्र में जब कभी भी नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित होते है मरीज हजारों की संख्या में उमड़ पड़ते है इसी से प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति समझी जा सकती है। यदि मौजूदा सरकारी अस्पताल में उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलती तो फ्री मेडिकल कैम्प में इन मरीजो की संख्या कम होती।

**सीएचसी जुन्नारदेव को सिविल अस्पताल में अपग्रेड करने की मांग** - विधायक सुनील उइके ने सदन को अवगत कराया कि जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र भौगोलिक नजरिए से प्रदेश की सबसे बड़ी विधानसभा है जो लगभग 175 किमी क्षेत्र में फैली हुई है। ऐसे में जुन्नारदेव के सीएचसी अस्पताल को सिविल अस्पताल में अपग्रेड किया जाता है तो यह जनता के स्वास्थ्य के लिहाज से अच्छा होगा।

**आयुष्मान योजना अच्छी, लेकिन निजी अस्पताल गरीबों को लूटते हैं** - सदन में चर्चा के दौरान विधायक ने आयुष्मान योजना की तारीफ करते हुए स्वीकारा कि यह गरीबो के लिए बेहतर है लाखो लोगो को इसका फायदा मिल रहा है लेकिन इसमें और सुधार की जरूरत है।

विधायक ने कहा कि जिले में ही ऐसे कई प्राइवेट अस्पताल है जहाँ आयुष्मान योजना के हितग्राहियों के लिए नियम और शर्ते लागू होती है। मरीजो को कहा जाता है कि अमुक जांच योजना में शामिल नही है या इस बीमारी का इलाज योजना में नही हो सकता। इस तरीके से प्राइवेट हॉस्पिटल मरीजों से पैसा ऐंठते है। कहा कि कार्रवाई भी होती है लेकिन इसमें सख्ती की जरूरत है।

विधायक ने सदन को सुझाव दिया कि आयुष्मान योजना से ओपीडी को जोड़ा जाना चाहिए क्योंकि ग्रामीण अंचल के लोग डेढ़ दो सौ रुपए शुल्क नही दे पाते और ऐसी स्थिति में 20 पच्चीस रुपयों की गोलियो से काम चलाते है । यदि ओपीडी शुल्क को योजना में शामिल करते है तो इससे गरीबो को इलाज में बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत मरीज का इलाज पूरी तरह फ्री होना चाहिए।